



# जिले में जनजाति विकास की स्थिति कमजोर : आर्य

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्टोरेट सभागार में पत्रकारों से मुलाकात कर तीन दिवसीय दौरे की जानकारी दी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने आज दिन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए जिले के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान किए गए कार्यों और निरीक्षण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे बीते तीन दिनों से सिंगरौली में हैं और इस दौरान जिले की प्रशासनिक, सामाजिक व औद्योगिक गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की गई है।**

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के तहत जिले में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें



उन्होंने स्वयं सहभागिता निभाई। यह अभियान पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक बन रहा है। इसके अलावा सिंगरौली में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने गए। राष्ट्रीय जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि जिले के आदिवासी अंचलों में सिकल सेल एनीमिया को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि आदिवासी समाज को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। इस दौरान विधायक, सांसद और जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया गया, जिनसे जिले की वास्तविक स्थिति का फीडबैक प्राप्त हुआ। उन्होंने एनटीपीसी और एनसीएल का दौरा कर अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा की। औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों और स्थानीय लोगों से जुड़ी समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार किया गया।

कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के साथ बैठक कर कार्यालयीन कार्यप्रणाली और योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जहां भी कमियां पाई गईं, उन्हें सुधारने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए। अंतर सिंह आर्य ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखने में आया कि पहाड़ी और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में अब भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। इन इलाकों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं को और बेहतर करने की जरूरत है। जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आदिवासी क्षेत्रों में पाई गई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

### राष्ट्रीय अजजा आयोग अध्यक्ष ने युवाओं से किया संवाद

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य की अध्यक्षता एवं सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के उपस्थिति में पीएम शा. महावि. में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजित हुआ। युवा संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोग के सदस्य आरके द्विवेदी द्वारा अनुसूचित जनजाति आयोग के सम्बन्ध जानकारी देकर छात्रों को आयोग के क्रियान्वयन एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्रों से संवाद कर अध्यक्ष ने जन जातियों के विकास के सम्बन्ध में छात्रो से उनके विचार जाने। छात्रो पूरे उत्साह के साथ अपने मन की बात रखी।अध्यक्ष श्री आर्य ने छात्रो को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग जन जाति के समुचित विकास के लिए सदैव तत्पर है। समाज के सभी वर्गो को अपने देश के संविधान की जानकारी होनी चाहिए।

### छात्रावासों में महिला अधीक्षक की नियुक्ति अनिवार्य

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जहां आदिवासी छात्रावास संचालित हैं, विशेषकर बालिका छात्रावासों में महिला अधीक्षक की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि छात्राओं की सुरक्षा और देखरेख बेहतर ढंग से हो सके। एट्रोसिटी एक्ट के फर्जी मामलों पर उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें सामने आती हैं और किसी को गलत तरीके से फंसाना उचित नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सिंगरौली जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और गांवों को जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण किया गया है। धरती आभा योजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों में बिजली पहुंचाई जा रही है। अंत में उन्होंने कहा कि सिंगरौली में अभी पेसा एक्ट लागू नहीं है, लेकिन आयोग स्तर से प्रयास किए जाएंगे, ताकि जिले में पेसा एक्ट को लागू किया जा सके और आदिवासी समाज को उसका पूरा लाभ मिल सके।

# नप सरई अध्यक्ष ने इस्तीफा की चेतावनी देकर मचाई सनसनी

## सियासत में मची हलचल, मण्डल अध्यक्ष पर निशाना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। नगर परिषद सरई के अध्यक्ष अनुराधा सिंह ने आज एक पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल किया है। जहां भाजपा में हलचल तेज हो गई है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष ने मण्डल अध्यक्ष सरई के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक को आड़े हाथों लेते हुये सनसनी फैला दी है।**



गौरतलब है कि नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सिंह गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले से चुनाव लड़ी थी और सरई में गोंगपा से अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी। बाद में कई पार्षद समेत नप अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गये। लेकिन अब यही भाजपा में वे घुटन महसूस करने लगी हैं। उन्होंने आज एक सोशल मीडिया में पोस्ट किया है, जिसमें उल्लेख किया है कि आदिवासी होने के नाते विधायक एवं मण्डल अध्यक्ष मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। नप अध्यक्ष ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से हस्तक्षेप करने की मांग की है और कहा कि मैं पार्टी के लिए काम करने को लेकर उत्साहित हूँ। लेकिन इस तरह के व्यवहार से मेरा मनोबल गिर रहा है। मेरी बात को सुनी जाये।

इधर इस बात की भी चर्चा है कि नप अध्यक्ष को मोहरा बनाकर एक चर्चित पार्षद भाजपा पर दबाव बना रहा है। ताजा घटना बीती रात एक सड़क हादसे से जोड़ा जा रहा है और अब यह मामला काफी तूल पकड़ा हुआ है। पार्षद ने मण्डल अध्यक्ष सरई रामधनी पर कई सनसनी खेज आरोप लगाया है। इन आरोपो में कितना दम है, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## एक नजर में

### नर्सरी से 8वीं तक स्कूलों में 10 तक अवकाश घोषित

**सिंगरौली।** जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और तापमान में आई गिरावट को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला लिया है। कलेक्टर गौरव बैनर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभान सिंह द्वारा आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध विद्यालयों में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश कल 9 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रभावशील रहेगा। इस अवधि में विद्यार्थियों को विद्यालय नहीं आना होगा, जबकि शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और आवश्यक शास. एवं कार्यालयीन कार्य संपादित करेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षाएं एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होती रहेंगी। प्रशासन का कहना है कि शीतलहर के कारण छोटे बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका बढ़ जाती है, इसी को ध्यान में रखते हुए यह एहतियाती कदम उठाया गया है।

### स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 13 तक अनिवार्य

**सिंगरौली।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकृत किसानों से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सिंगरौली द्वारा बताया कि इस वर्ष धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी निर्धारित की गई है। जिले के सभी किसान से अपील की गई है कि जिन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का पंजीकरण कराया है, वे 12 और 13 जनवरी तक अपने निकटतम उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग अवश्य कराएँ। यह प्रक्रिया धान खरीदी को सुचारु, व्यवस्थित और सुलभ बनाने के लिए अनिवार्य है। किसानों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए समय पर स्लॉट बुक करें और समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का लाभ उठाएँ।



# राज्य स्तरीय मिनी एवं किड्स तीरंदाजी प्रतियोगिता कल से

## राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित होगी प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। राज्य स्तरीय मिनी एवं किड्स प्रतियोगिता का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में 10 से 11 जनवरी तक की जा रही है। यह प्रतियोगिता प्रात: 10 बजे से 10 जनवरी को शुभारंभ होगा।**

इस संबंध में सिंगरौली जिला तीरंदाजी संघ के सचिव कृतदेव बैस ने बताया कि मध्यप्रदेश एमेच्योर तीरंदाजी संघ के निर्देशानुसार सिंगरौली जिला तीरंदाजी संघ के द्वारा तथा एनटीपीसी एवं अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से म.प्र. 16वें राज्य स्तरीय मिनी एवं किड्स तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन तय हुआ है। जहां प्रथम दिवस 10 जनवरी को प्रात:10 बजे कलेक्टर गौरव बैनल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करेंगे और शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण करेंगे। दूसरे दिन 11 जनवरी को 10 बजे खेल का शुभारंभ होगा और शाम 4 बजे पुरस्कार वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 13 से 14 जिले के बच्चे हिस्सा लेंगे। सिंगरौली से भी 40 बच्चे प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रदेश के जबलपुर, सागर, मण्डला, भोपाल, इंदौर, झाबुआ के साथ-साथ साई सेंटर के टीम शामिल होंगे। सिंगरौली जिले में करीब 18 बच्चे आचरी के माध्यम से नेशनल स्तरीय तक खेलने की क्षमता रखते हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में म.प्र. का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंगरौली तीरंदाजी संघ के सचिव ने कहा कि इस एतिहासिक आयोजन में सिंगरौली वासी उपस्थित होकर संघ एवं होनहार तीरंदाजों का उत्साह वर्धन करते हुये आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें।

# दो महीने से विवादों में उलझी मॉडल रोड बैढ़न-नवजीवन बिहार की सड़क

## क्षतिग्रस्त सड़क की नहीं हो रही मरम्मत, प्रभारी मंत्री का भी निर्देश भी बेअसर, आये दिन हो रहे सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। माजन मोड़ से लेकर नवजीवन बिहार तक शहर की मॉडल सड़क जगह-जगह कचूमर निकल आये हैं। दो महीने से सड़क मरम्मत के लिए फाईल टेंडर की अभाव में इधर से उधर नपानि के टेबिलों पर चक्कर लगा रही है। सड़क का मरम्मत कार्य कब होगा, इसका जवाब मेयर-अध्यक्ष से लेकर किसी के पास भी नही है।**



दरअसल इस वर्ष तेज एवं ज्यादा बारिश के चलते शहर की मॉडल सड़क माजन मोड़ से नवजीवन बिहार की क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई जगह सड़क इस तरह से क्षतिग्रस्त है कि दो चक्का वाहन चालक आये दिन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। डेढ़ महीने पहले प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके का सिंगरौली में आगमन हुआ था। जहां प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर एवं आयुक्त को सख्त निर्देश दिया था कि जर्जर सड़को का शीघ्र मरम्मत कराएं। इसके बावजूद जर्जर सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। मॉडल सड़क की दुर्दशा दिनों दिन इतनी खराब है कि लोगबाग नगर निगम को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। फिलहाल सड़क का मरम्मत कार्य कब होगा, इसका जवाब नपानि के जिम्मेदारों के पास भी नही है।

### सड़क के टेंडर की फाइल कहां अटकी ?

जानकारी के मुताबिक माजन मोड़ से नवजीवन बिहार तक मॉडल सड़क मरम्मत के लिए नपानि आयुक्त के यहां से मेयर के यहां स्वीकृति के लिए भेज दी गई है। बताया जा रहा है कि 31 दिसम्बर से उक्त नस्ती मेयर के यहां लंबित है। नपानि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने इस बारे में मीडियाकर्मियों को अवगत भी कराया और बताया कि उक्त सड़क मरम्मत कार्य के लिए संभवत: 1 करोड़ से ऊपर की लागत है। इसी लिए मेयर के पास फाईल भेजी गई है। परंतु मेयर उक्त फाईल की मंजूरी नही दे रही हैं। जिस कारण उक्त फाईल की कार्रवाई आगे नही बढ़ पाई है। इसका जवाब मेयर ही दे पाएंगी। कहा जा रहा है कि मेयर जानबुझकर भाजपा सरकार की किरकिरी कराने के लिए कर रही हैं।

# बालिका सशक्तिकरण शीतकालीन कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 8 जनवरी। एनटीपीसी रिहंद ना सिर्फ देश को बिजली बनाकर प्रकाशित करने का कार्य कर रही है, बल्कि अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से अपने परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके जीवन को प्रकाशमान कर रही है।**




सीएसआर के अंतर्गत आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं के लिए 7 से 14 जनवरी तक बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का उद्घाटन परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति शिखा श्रीवास्तव ने परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि शीतकालीन कार्यशाला बालिकाओं को नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान कर रही है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगी।

# नंदोत्सव के भक्ति रस में गोता लगाते रहे श्रद्धालुगण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के महायज्ञ के आज चौथे दिन मुख्य रूप से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।**



उक्त कथा में कंस के कारागार में कृष्ण जन्म की कथा श्रीधाम वृन्दावन से यहां प्रवचन दे रहे डॉ. संजयकृष्ण सलिल जी ने प्रस्तुत किया। प्रवचन के बीच ही उनके व उनकी मंडली के सुमधुर गायन व कथा वाचन से पंडाल आनंद विभोर हो गया और मौजूद भक्तजन नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल के भजनों के साथ झूम उठे। मित्रता फाउंडेशन के प्रमुख संजीव अग्रवाल, दुष्यंत सिंह और अवनीश दुबे के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन अपने प्रवचन की शुरुआत कपिलमुनि के उपदेश/ ध्रुव चरित्र, गज ग्राह का प्रसंग और श्रीकृष्ण के जन्म का विस्तार से भक्तजनों के समक्ष प्रस्तुत किया। कथावाचक श्री महाराज ने भक्ति, वैराग्य और निष्ठा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्त कैसे अपने जीवन को शुद्ध कर सकते हैं।

# सीटाडेल के कर्मचारियों के वेतन का मामला उलझा

## आधा सैकड़ा से अधिक कर्मचारियों ने महापौर एवं अध्यक्ष के बंगला के सामने की नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। नपानि में कार्यरत सीटाडेल कंपनी के कर्मचारियों का पारिश्रमिक भुगतान तीन महीने से न मिलने का मामला इन दिनों जोर पकड़ा हुआ है। सीटाडेल के आधा सैकड़ा से अधिक कर्मचारी आज दिन गुरूवार को महापौर एवं ननि अध्यक्ष के बंगले के पास पहुंच जमकर नारेबाजी की।**



दरअसल सीटाडेल कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि पिछले तीन महीने से मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ रहा है। आरोप लगाया है कि मेयर जानबुझकर मानदेय भुगतान के फाईल को लटका-भटका दी हैं। जिसके चलते मानदेय नही मिल पा रहा है। वहीं इस मामले में नपानि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा है कि कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान होना चाहिए। उन्होंने महापौर पर निशाना साझा है। वहीं महापौर ने अपने ओर से सफाई देते हुये बताया कि मुझे बेवजह बदनाम किया जा रहा है। कर्मचारियों का वेतन आयुक्त कर दें। फिलहाल मामला जो भी हो, लेकिन इन दिनों सेडमैप के साथ-साथ सीटाडेल कंपनी के कर्मचारियों के वेतन को लेकर नपानि की किरकिरी हो रही है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि इसके पहले करीब दो ढाई साल से मेयर नस्ती में हस्ताक्षर कर रही थी। अचानक उनकी कलम कैसे रूकी है, यह बात किसी से छुपी नही है। दावा किया जा रहा है कि दो-चार दिन में कलम आगे बढ़ जाएगी।

# विंध्याचल में इन-हाउस प्रतिभा संध्या का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 8 जनवरी। एनटीपीसी विंध्याचल ने बिजनेस एक्सीलेंस असेसमेंट टीम के दौरे के अवसर पर शहनाई हॉल में एक इन-हाउस सांस्कृतिक एवं प्रतिभा संध्या का आयोजन किया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने बीई असेसरों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संध्या विंध्याचल की समृद्ध कार्य संस्कृति, सामूहिक सहभागिता और कर्मचारियों की बहुआयामी इन-हाउस प्रतिभा को प्रस्तुत करने का एक विशेष अवसर है।

कार्यक्रम में क्वालिटी चैंपियन एम एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ असेसर टी आर राजगोपालन एवं बीई असेसमेंट टीम की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक संध्या में डीपीएस विंध्यनगर के विद्यार्थियों एवं सुहासिनी संघ द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों में बीई असेसरों के दौरे की झलकियों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

# एसडीएम के आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त

नवभारत न्यूज

**सरई 8 जनवरी। स्थानीय नगर परिषद के विभिन्न समस्याओं जैसे नाली रोड, लाइट, पेड़ आवास अतिक्रमण के अलावा भी अन्य क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई अध्यक्ष रणबहादुर सिंह के नेतृत्व में सरई थाने के सामने चार दिवस से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन चल रहा था। जहां आज स्थगित कर दिया गया।**



एसडीएम देवसर और तहसीलदार के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि संपूर्ण विभिन्न मांगों को अगले हफ्ते मंगलवार से धीरे-धीरे करके सरई नगर के विकास के लिए शुरू किया जाएंगे और व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू किए जाएंगे। वहीं प्रदेश प्रवक्ता अरुण जायसवाल ने कहा कि आप कह रहे हैं भरे मंच में की धीरे-धीरे संपूर्ण मांग पूरे कर दिए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंशमणि प्रसाद वर्मा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, रणबहादुर सिंह, केशव सिंह, अशोक पैगाम, भाईलाल शर्मा, भैया लाल सिंह, प्राण जायसवाल,सहित अन्य मौजूद रहे।

# वंचित पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार का लाभ प्रदान करें : अंतर

## राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में वन प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जनवरी। राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के अध्यक्षता में वन प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**



बैठक के प्रारंभ में वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल के द्वारा अध्यक्ष श्री आर्य सहित आयोग के सदस्यों का स्वागत करते हुये वन मण्डल की सामान्य जानकारियों से अवगत करा गया। उन्होंने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के अंतर्गत वन सुरक्षा समिति 67 ग्राम वन समिति 215 गठित की गई है। वही समिति सदस्यो एवं कार्यकारणी की जानकारी देते हुये अगवत कराया कि ग्राम वन समिति वन सुरक्षा समितियों की संख्या 282 है जिसमें अनुसूचित जाति के महिला 19331 तथा पुरूष 21118 तथा अनुसूचित जन जाति के महिला 40344 पुरूष 44.89 अन्य पिछड़ा वर्ग के महिला 32531 पुरूष 35915 समान्य वर्ग के महिला 7676 पुरूष 9143 सदस्य है। वही वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्राप्त दावे एवं निराकरण अद्यतन जानकारी के संबंध में अवगत कराते हुये बताया कि जिला में अजा के व्यक्तिगत दावे 16219 प्राप्त हुये, जिसमें समितियों द्वारा सत्यापित दावे 16219 तथा ग्राम सभा एवं उपखण्ड स्तरीय समिति द्वारा भी 16219 संकल्प पारित कियें गये थे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति के द्वारा कुल दावो में से 7666 दावे निरस्त हुये है एवं 8553 प्रकरणो को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 84660 का हक प्रदान कर दिया गया है एवं 93 दावे पीडी, सर्वे न होने के कारण वितरण के लिए लंबित हैं ,जिसकी कार्रवाही जारी है। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि जो भी स्वीकृति के लिए दावे लंबित रह गये हैं, जिन्हे निरस्त किया गया है, बैठक के दौरान एसडीओ नरेन्द्र त्रिपाठी सहित वन समितियों के सदस्य गण मौजूद रहे।